| तारीख हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज | नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए |
| --- | --- | --- |
| 09/03/24. | पत्रावली आज राष्ट्रीय लोक अदालत के समक्ष पेश हुई उभय पक्ष अधिवक्ता उपस्थित अधिवक्ता उभय पक्ष ने राजीनामा दिनांक 12.01.2024 के मुताबिक पत्रावली में अन्तिम निर्णय करने का निवेदन किया उभय पक्ष की बहस पर मनन किया पत्रावली पर उभय पक्ष ने वाद में राजीनामा पेश किया जिसमें निवेदन किया की दोनों पक्षों के मध्य लोक अदालत की भावना से राजीनामा हो गया दोनों पक्ष वादग्रस्त भूमि के राजस्व नक्शा में खसरा संख्या 2760 व 2760/1 के बीच की तरमीम को निरस्त करवाने में सहमत व राजी है वादी की खसरा संख्या 2760/1 की रकबा 44 बीघा 11 बिस्वा भूमि राजकीय मार्ग पर 48 फीट होना प्रतिवादी संख्या 1 स्वीकार करता है दोनों पक्ष नजरी नक्शा माफिक तरमीम दुरूस्ती करवाने और नवीन तरमीम नजरी नक्शा माफिक करवाने हेतु सहमत है ।<br>चूकि वाद में वादी व प्रतिवादी संख्या 1 के मध्य लोक अदालत की भावना से राजीनामा हो गया है और दोनों पक्ष राजीनामा अनुसार निर्णय करवाने हेतु सहमत है इसलिये लोक अदालत की भावना से पक्षकारान के बीच हुये राजीनामा मुताबिक वादी का वाद जरिये राजीनामा डिक्री योग्य पाया जाता है।<br>**आदेश**<br>वाद वादी जरिये राजीनामा डिक्री किया जाता है ग्राम जम्भेश्वर नगर तहसील लोहावट स्थित खसरा संख्या 2760 व खसरा संख्या 2760/1 के मध्य की तरमीम को निरस्त किया जाता है वादी की खसरा संख्या 2760/1 की भूमि राजकीय मुडीया मार्ग पर 48 फीट राजीनामा के साथ प्रस्तुत नजरी नक्शा अनुसार रखी जाती है प्रतिवादी संख्या 1 की भूमि नजरी नक्शा अनुसार रखी जाती है नजरी नक्शा अनुसार उपरोक्त भूमियों की नवीन तरमीम की जावें तहसीलदार निर्णय का राजस्व रेकर्ड में अमल दरामद करें राजीनामा निर्णय का भाग रहेगा डिक्री परचा जारी हो पत्रावली फैसल शुमार होकर नंबर से कम हो<br>निर्णय आज राष्ट्रीय लोक अदालत में दिनांक 09/03/24. को सरे इजलास सुनाया गया।<br><br>Sd/-<br>सहायक सहायक कलक्टर लोहावट<br>लोहावट (जोधपुर) | |

Scanned with CamScanner